बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा किये गए बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र (BIA) के उद्घाटन से भारत के [औद्योगिक परिदृश्य](#) की प्रमुख प्रगति (विशेष रूप से महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में) पर प्रकाश पड़ा है।

- **रणनीतिक स्थान:** 7,855 एकड़ की परिवर्तनकारी परियोजना के रूप में BIA को [दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे](#) के एक भाग के रूप में [राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP)](#) के तहत विकसित किया गया है।
  - इसकी NH-752E, औरंगाबाद रेलवे स्टेशन, औरंगाबाद हवाई अड्डे और जालना ड्राई पोर्ट से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी है।
  - NICDP भारत का सबसे महत्त्वाकांक्षी बुनियादी ढाँचा कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य **नए औद्योगिक शहरों को "स्मार्ट सिटी" के रूप में विकसित करना** तथा बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों में अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों को शामिल करना है।
- **चरणबद्ध विकास:** 6,414 करोड़ रुपये के बजट से स्वीकृत इस परियोजना का विकास तीन चरणों में किया जाएगा।
  - **महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम** और **राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट** के साथ मिलकर **महाराष्ट्र औद्योगिक टाउनशिप लिमिटेड ने** इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई है।
- **औद्योगिक उत्कृष्टता हेतु विज़न:** यह परियोजना **"[मेक इन इंडिया](#), मेक फॉर द वर्ल्ड" पहल के अनुरूप है जिसका उद्देश्य** [रोज़गार,](#) निर्यात और सतत् विकास को बढ़ावा देना है।

[//](#)



और पढ़ें: [12 नए औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंज़ूरी](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bidkin-industrial-area